सार.समाचार

बिजली बिल सुधार के लिए शिविर लगाने की मांग

महू। घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को निरंतर बिजली के बिलों के संबंध में आ रही परेशानियों को देखते हुए कमलनाथ जन कल्याण संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर सहित उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर चर्चा की थी व बिजली वितरण केन्द्र पर शिविर लगाकर निराकरण करने की बात कही थी। जिसमें मांग की थी कि प्रत्येक बिजली वितरण केन्द्र स्तर पर शिविर का आयोजन होना चाहिए। ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जा सके। बिल किसी भी स्थिति में युक्तियुक्त संगत ही हो, इसे सुनिश्चित करें। वितरण केंद्रों पर अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर लगाकर समाधान किया जाना चाहिए।

अवैध शराब रखने पर दंडित

खरगोन। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा अवैध शराब रखने वाले आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा एवं दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अमरेन्द्र तिवारी ने बताया कि 21 जून को पुलिस थाना मेनगांव की मुखबीर द्वारा सूचना पर धर्मेन्द्र नवासी टीबगांव के कब्जे से 22 देशी प्लेन मदिरा जब्त कर उसे गिरफ्तार किया था।

आदर्श हेंडवॉश यूनिट लगाई

बदनावर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय आम्बवाड़ा भैरूपाड़ा में बच्चों के लिए आदर्श हेंडवॉश यूनिट का निर्माण किया गया है। शाला में जिला शिक्षा केंद्र धार के सहायक यंत्री मेधलाशरण एवं ओपी तीवारी उप यंत्री जनपद शिक्षा केंद्र बदनावर ने हेंडवॉश यूनिट का अवलोकन किया। शाला प्रधान रायचंद्र भूरिया ने बताया कि यूनिट में नल के अंदर दूरी कोरोना काल को दृष्टिगत रखते हुए रखी गई है ताकि निर्धारित आवश्यक दूरी का पालन हो सके, सिर्फ बच्चे ही उपयोग करे इसलिए सुरक्षा प्रदान की गई है। शाला परिसर में बाउंड्रीवॉल नहीं है, इसलिए सार्वजनिक उपयोग की संभावना थी। बाउंड्रवॉल का प्रस्ताव भी भेजा है।

मानदेय के लिए ज्ञापन सौंपा

सनावद। ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त ग्राम स्तरीय उद्यमी द्वारा मानदेय की मांग को लेकर कमिश्नर डॉ पवन कुमार शर्मा एवं कलेक्टर अनुग्रहा पी को ज्ञापन सौंपा। वीएलई संघ की मोनिका सोनी ने ज्ञापन देते हुए अधिकारियों से निवेदन किया कि ग्राम स्तर पर नियुक्त समस्त वीएलई द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य विगत 12 माह से लगातार कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। लेकिन शासन द्वारा देय मानदेय परिश्रमिक लाभ तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे आर्थिक परेशानियां आ रही है।

बेटे की स्मृति में भेंट किया वाटर कूलर

खरगोन। शहर के बिस्टान रोड़ स्थित मास्टर कॉलोनी में मुहावरे परिवार ने पुत्र की पगड़ी रस्म में मृत्युभोज न कराते हुए कुमावत समाज को वाटर कूलर भेंट किया। सुधाकर मुहावरे के सुपुत्र शुभम मुहावरे के बारहवें पर मृत्युभोज न कराते हुए कुमावत समाज धर्मशाला वाटर कूलर भेंट किया। कुमावत समाज ने मुहावरे परिवार की इस पहल पर कहा कि आज शुभम हमारे बीच में नहीं है, लेकिन परिजनों ने उनकी स्मृति को सहेजते हुए सार्थक पहल की। पुष्पोत्तम मुकाती, कैलाश कुमावत, नवीन मुहावरे, अनिकेत मुहावरे उपस्थित थे।

डोडिया तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत

बदनावर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर के निर्देश पर धार जिला अध्यक्ष हर्षदीपसिंह चौहान व तहसील अध्यक्ष भानुप्रतापसिंह डोडिया कड़ोदखुर्द की अनुशंसा व पदाधिकारियों की सहमति से ग्राम रतनपुरा के घुमालसिंह डोडिया को बदनावर तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी महेंद्रसिंह चावड़ा ने दी।

मकान खुदाई में मिले थे सोना-चांदी के सिक्के, बेरछा पुलिस की कार्रवाई

8.25 लाख के मुगलकालीन सिक्कों के साथ 3 पकड़ाए

साजापुर » दबंग रिपोर्टर

बेरछा पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया, जिनके पास करीब 8 लाख 25 हजार कीमत के 163 सोने-चांदी के सिक्के थे। जिन्हें ये बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहे थे, उसके पहले ही पुलिस को भनक लग गई। पुलिस ने इन्हें हिरासत में लेकर सिक्के जब्त कर लिए। हालांकि इनके खिलाफ कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। फिलहाल इन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

बेरछा थाना प्रभारी रवि भंडारी ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले पचोला निवासी संतोष, जितेंद्र और किशन को किसी मकान खुदाई में सोने-चांदी के सिक्के मिले थे जो मुगलकालीन बताए जा रहे हैं। तभी से इन लोगों ने इन सिक्कों को अपने पास छुपाकर रखा था। बुधवार को ये लोग सिक्कों को बेचने के लिए सुंदरसी नाका पर ग्राहक के इंतजार कर रहे थे। इसके पहले ही मुखबिर ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। जब इनकी तलाशी ली गई तो इनके पास से सोने-चांदी के सिक्के मिले। जिनकी कीमत करीब 8 लाख 25 हजार रुपए बताई जा रही है।

150 चांदी और 13 सिक्के सोने के

जब पुलिस ने बुकों की तलाशी ली तो इनके पास रखे बैग में 163 सोने और चांदी के सिक्के निकले। इनमें सोने के सिक्कों का वजन 143 ग्राम और चांदी के सिक्कों का वजन 1700 ग्राम पाया गया। जब इनकी कीमत आंकी गई तो वह लाखों में निकली। पुलिस के मुताबिक आज की तारीख में इन सिक्कों का मूल्य 8 लाख 25 हजार रूप है।

कलेक्टर और पुरातत्व विभाग को देंगे जानकारी

टीआई भंडारी ने बताया कि फिलहाल युवकों को नोटिस देकर छोड़ा जाएगाए लेकिन उनके नाम और पते पुलिस ने नोट कर लिए हैं। इसके बाद कलेक्टर साहब को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी जाएगी। वहीं पुरातत्व विभाग से भी संपर्क किया जाएगा। क्योंकि यह काफी प्राचीन सिक्के हैं और एंटिक पिस हैं जिसके चलते प्रशासन की सूचना देकर उनके मार्गदर्शन में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

खुदाई का काम करते वक्त मिले थे सिक्के

जिन लोगों के पास से पुलिस को यह सिक्के मिले हैं। वह दरअसल पुराने मकानों को तोड़ने और खुदाई का काम करते हैं। करीब डेढ़ साल पहले जब ये लोग अपने गांव में किसी मकान को तोड़ने का काम कर रहे थे। उसी दौरान इन्हें यह सिक्के जमीन में से मिले थे, जिसकी जानकारी इन लोगों ने किसी को न देते हुए सिक्के अपने पास रख लिए थे। बुधवार को ये किसी को बेचना चाह रहे थे, लेकिन मामला पुलिस के पास चला गया।

दिग्विजयसिंह शोक व्यक्त करने पहुंचे बघेल के घर

मोनकच्छ। पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह बुधवार को बघेल के निवास पर पहुंचे, जहां गत दिनों हाटपिपलिया के पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बघेल का निधन होने से परिवारजनों के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन पर नपा अध्यक्ष राजवीर सिंह बघेल, रघुवीर सिंह, कृष्णपाल सिंह ने अगवानी की। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने एक जुझारू नेता खो दिया, यह कांग्रेस के लिए अपूर्ण क्षति है। जिसकी पूर्ति करना संभव नहीं है। मेनावर में हुई हत्या को लेकर कहा कि अपराधियों को फांसी होना चाहिए। विधायक सुरेन्द्र सिंह बघेल, विधायक रामलाल मालवीय, सूरज सिंह ठाकुर, देवेन्द्र जोशी, नरेन्द्र गुप्ता, ललित गुप्ता, भारत सिंह एनाबाद, ओमप्रकाश परमार, भूरु पठान, बलवान सिंह सेंधव, सोढ़ानसिंह पंवार, बलवान कुशवाहा, सुरेन्द्र कुशवाहा ने बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पटवारियों का सम्मान

धार। कलेक्टर आलोक कुमार सिंह ने कुशी अनुभाग में राजस्व अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले पटवारियों को सम्मानित किया। रीवाजी जिला पंचायत अशिष वशिष्ठ, एसडीएम विवेक कुमार सिंह साथ मौजूद थे। अभियान के अंतर्गत राजस्व रिकार्ड में सुधार कार्य खसरा के कालम नंबर 2 में कुशी अनुभाग में कुल 6 हजार 775 सर्वे क्रमांको को व्यपगत किया जाकर परित किए गए शोधित आदेशो का वर्तमान राजस्व रिकार्ड शत प्रतिशत अमल दरामद किया गए है। कुल 367 क्रमांको को व्यपगत कर प्रावरण दर्ज किए है। कलेक्टर ने कहा कि पटवारियो के कार्यो से जनता की मदद होती है। एसडीएम कुशी के नेतृत्व मे इस सबडिवीजन मे इतना उच्छ काम हुआ है कि पीएम किसान योजना, सीएम किसाना योजना मे हमारे किसानो को अधिक से अधिक लोगो को लाभ मिल रहा है।

मौसम की बेरुखी, किसान खेतों में चलाने लगे डोरे

बागली। देवास जिले में मानसून की बारिश 20 और 30 जून के बीच हुई। इस बीच किसानों ने खरीफ की बोवनी कर दी। बागली क्षेत्र में 24 से 25 जून को बोवनी हुई थी। यह सोयाबीन फसल वाला क्षेत्र है, लेकिन 26 जून के बाद पानी नहीं गिरा। सोयाबीन उग आई, लेकिन 12 दिन बाद पानी नहीं गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई। किसान दरियाव सिंह पाटीदार, नारायण मंडलोई, विक्रम भूत, हुकमचंद, सरपंच जयराम पाटीदार ने बताया कि किसान डोरे चला रहे हैं। कई किसान ट्रैक्टर से डोरे चला रहे हैं, लेकिन खेतों में नमी नहीं है। अभी केवल 4 इंच पानी गिरा था, इसमें किसानों ने बोवनी तो कर दी, अब मानसून की बेरुखी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। अगर चार-पांच दिन में पानी नहीं गिरा तो फसलें खराब होने का डर है। वैज्ञानिक अशोक कुमार दीक्षित ने बताया कि 10 से 12 दिन की फसल में डोरे चलाए, जिनके पास पानी की व्यवस्था है वे 4 घंटे मिनी फव्वारा चला सकते हैं। 500 लीटर पानी में 2 किलो पोटेशियम सल्फेट एक हेक्टर में स्प्रे कर सकते हैं। चारा मार दवाओं का प्रयोग न करें। एक-दो दिन में बारिश की संभावना है।

कांग्रेस ने अनेक स्थानों पर रोपे पौधे

कांटाफोड़। ब्लॉक कांग्रेस, युवक कांग्रेस ने माध्यमिक विद्यालय, थाना परिसर, बस स्टैंड, वन विभाग परिसर में बुधवार को पौधारोपण किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजाराम यादव, राजेश होलानी, निर्मल पुरोहित, धर्मेन्द्र मालवीया ने बताया कि आज के समय में मौसम की बेरुखी का सबसे बड़ा कारण है पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी, इसका एक ही हल है ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। ऑक्सीजन हो रही कम आओ पेड़ लगाएं की भावना से जीवन में एक पौधा लगाकर उसे बड़ा होने तक संरक्षण करें। मुकेश राठौर, बजमोहन तिवारी, शिव बिजवा, रज्जाक खान, महेश नारायण, शिव परमार, सुरेश जाट, अर्पित जायसवाल, शैलेश तिवारी, ललित सोनी, अमित शाह, सद्दाम खान उपस्थित थे।

विधायक कन्नौजे ने किया निरीक्षण

बागली। थाना चौराहा पर पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी की मूर्ति लगाई जाएगी, जिसका बुधवार शाम विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे ने निरीक्षण किया। एसडीएम शोभाराम सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि कमल यादव, नगर पंचायत सीएमओ मुरली राठौर, वीरेंद्र गुर्जर, विनोद राठौर मौजूद थे।

खरपतवार निकालने में जुटे किसान

कांटाफोड़। बारिश की लंबी खेंच ने किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। किसानों को अब यह चिंता सताने लगी है कि एक-दो दिन में बारिश नही हुई तो 8 से 10 हजार रुपए प्रति किंटाल के महंगे दाम पर खरीदा गया सोयाबीन बीज बर्बाद हो सकता है। बारिश नही होने से पौधे मुरझा सकते है। यदि बारिश नही हुई तो किसानों को दोबारा बोवनी करनी पड़ेगी। राम नयापुरा, हीरापुर, जिनवाणी जानपुरा, इखलेरा बेडगांव, चन्द्रकेशर बांध के किसान बारिश की खेंच को देखते हुए डोरे चलाकर खरपतवार निकालने में जुटे गए है।

गलती से खाते में जमा हुए साढ़े चार लाख लौटाए

बदनावर। बैंक ऑफ बड़ोदरा बदनावर के खातेदार भगवान सिंह राठौड़ ने गलती से अपने बैंक अकाउंट में जमा हुए साढ़े चार लाख रुपए संबंधित व्यक्ति को लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की हाठौड़ का खाता क्रमांक 38940100000064 है। राधेकृष्ण पाटीदार ने एक अंक की गड़बड़ी दो की जगह 1 दर्शा कर ट्रांसफर की 450000 रुपए जो कि अंकित ट्रेडर्स के खाते में जमा करने थे, जिनका खाता क्रमांक 38940200000064 है, भगवान सिंह के खाते में ट्रांसफर हो गया। सुबह फोन आते ही राठौड़ ने पुष्कर और किशन पाटीदार को अपने घर बुलाकर उक्त राशि का चेक प्रदान किया। बड़े भ्राता करण सिंह राठौड़, सुपुत्र पोपसिंह राठौर (पप्पी बना), डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर, बंटी बना, उंकारलाल सिर्वी उपस्थित थे।

मुखर्जी की जयंती पर पौधारोपण

कांटाफोड़। श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 120वीं जयंती पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मैदान पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने रुबाई कर पौधारोपण किया। डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश दुबे, मंडल अध्यक्ष सुशील पटेल, महामंत्री संतोष चौबे, पुरुषोत्तम बियानी, सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि मुखर्जी सच्चे राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने भारत के विकास में अहम भूमिका निभाई, उनके विचार करोड़ो लोगों को प्रेरित करते हैं। नगर अध्यक्ष सुशील पंसारी, रतनलाल गोमलाडू, रघाछोड़ किराड़े, द्विलीप अग्रवाल, कुंदन एरकी, शैलेश जाजसवाल, सुशील राठौर, आशुतोष पारावार, भूरु खा, मिशेश चौबे, पूनम सोनी, इसरार पठान, मंजूर, अनिके शर्मा उपस्थित थे।

आवारा मवेशियों का जमघट, राहगीर परेशान

महू » दबंग रिपोर्टर

शहर में आवारा मवेशियों की तादाद काफी बढ़ चुकी है वहीं केट बोर्ड इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इधर कई आवारा स्वान राहगीरों को काट रहे हैं। इस ओर भी किसी का ध्यान नहीं है। बुधवार को भी एक आवारा स्वान ने राहगीर को काट लिया।

शहर भर के चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है, जिसके कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को मोती महल क्षेत्र एबी रोड़ पर भी मवेशियों का जमघट देखा गया, जिसके कारण यहां से निकलने वाली बसों को भी कई बार इन मवेशियों को पहले रोड से एक साइड करना पड़ा, उसके बाद बस निकाली। केटबोर्ड ने काफी समय से आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की है।

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड

सीआईएन: L15311MP2009PLC021746

पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मक्कंद हाउस के पास, पालदा इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत | दूरभाष: (0731) 243 9999

ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

कंपनी की 12वीं वार्षिक सामान्य बैठक की जानकारी हेतु सूचना

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की 12वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, 5 अगस्त, 2021 को दोपहर 3:30 बजे आईएसटी वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में)) विनियम, 2015, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित के साथ पठित कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर /पी/2020/79 द्वारा जारी 5 मई, 2020 सेबी द्वारा जारी दिनांक 12 मई, 2020 (सामूहिक रूप से परिपत्रों के रूप में संदर्भित), एजीएम को बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी। सदस्य सेबी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकेंगे।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज कंपनी के उन शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेजे जाएँगे, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर व स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.cdslindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने का तरीका:

डीमैटीरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उन्हें रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका एजीएम की सूचना में प्रदान किया गया है।

ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम में मतदान कर सकेंगे। एजीएम के नोटिस में ई-वोटिंग सिस्टम के यूजर वोटिंग का तरीका बताया गया है।

जिन शेयरधारकों के ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि बैठक में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के लिए वे अपना ईमेल पता/मोबाइल नंबर दर्ज करने के लिए एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। जो निम्नानुसार संक्षिप्त किया गया है:

भौतिक शेयरधारकों के लिए – कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) जैसे अनुरोधक विवरण einward.ris@kfintech.com पर प्रदान करें।

डीमैट शेयरधारकों के लिए – कृपया अपनी डीपी आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ अद्यतन करें, जो ई-वोटिंग और डिपॉजिटरी के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के दौरान अनिवार्य है।

ईमेल पतों को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपना नाम, फोलियो नंबर, ईमेल आईडी और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति ईमेल के माध्यम से केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट einward.ris@kfintech.com पर भौतिक पंजीकृत/अपडेट करें।

डीमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ईमेल पहुंच को रजिस्टर/अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ईमेल पहुंच को रजिस्टर/अपडेट करें, जिनके साथ वे अपना डीमैट अकाउंट बनाए रखते हैं।

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल की जानकारी सदस्यों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी, जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होता है या जिनके ईमेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, वे केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को einward.ris@kfintech.com पर लिख सकते हैं या https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobilesemailreg.aspx वेबसाइट पर विवरण और दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।

लाभांश प्राप्त करने के लिए अधिदेश दर्ज करने का तरीका:

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए – हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र और रद्दीन कॉपी जमा करें जिसमें शेयरधारक का नाम, फोलियो नंबर, बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक और शाखा का नाम और पता, आईएफएससी, एमआईसीआर विवरण), पैन की स्व-सत्यापित प्रति और रद्द चेक पत्र ईमेल द्वारा einward.ris@kfintech.com पर भेजें।

डीमैट मोड में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों के लिए – अपने डिपॉजिटरी सहभागियों को अधिकार रूप से अग्रसारक विवरण जमा करें जिनके साथ वे अपना डीमैट खाता रखते हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम के दौरान वीसी/ओएवीएम, रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

डिपॉजिटरी यानी सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क विवरण:

लॉगिन के तरीके	हेल्पडेस्क विवरण
सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022-23058738 और 22-23058542-43 पर संपर्क कर सकते हैं।
एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं।

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या 022- 23058738 और 022-23058542/43 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री नवीन दाताली, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, 9 फ्लोर, 25वीं मंजिल, मेराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड, एल्फ जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 से सम्पर्क कर सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या 022-23058542/43 पर कॉल करें।

कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
(हस्ताक्षर)
ओम प्रकाश पालीवाल
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 07, जुलाई 2021